है तेरा मंदिर जगह जगह,
है तेरा कीर्तन जगह जगह।

दोहा तेरी जगमग ज्योत से बाबा,
जग में है उजियारा,
भक्त तेरे प्यारे,
तू भक्तो का है प्यारा,
होता है तेरा कीर्तन आज,
हर जगह श्याम बाबा,
जिधर देखता हू,
मंदिर तुम्हारा ही तुम्हारा।

तर्ज ये तेरी आँखे झुकी झुकी

है तेरा मंदिर जगह जगह,
है तेरा कीर्तन जगह जगह,
बड़ी किस्मत वाला है वो,
दरश तेरा जिसे मिला।

श्याम तेरा मंदिर जगह जगह,
श्याम तेरा कीर्तन जगह जगह।

आप है कलयुग अवतार,
पूजता है सारा संसार,
सभी कहते है भक्ति से,
आपको बाबा लख दातार,

है तेरा मन्दिर जगह जगह,
बाबा जी तेरा कीर्तन जगह जगह,
बड़ी किस्मत वाला है वो,
दरश तेरा जिसे मिला।।

आप है योद्धा बड़े महान,
तीन तरकश में रखते बान,
परीक्षा ले कर घबराए,
स्वयं मुरली वाले घनश्याम

है तेरा मन्दिर जगह जगह
है तेरा कीर्तन जगह जगह
बड़ी किस्मत वाला है वो
दरश तेरा जिसे मिला।।

बनाए खाटु में तुम धाम,
भगत जाते है सुबह शाम,
मिटा देते हो सबकी पिर,
बनाते सबके बिगड़े काम,

है तेरा मन्दिर जगह जगह
श्याम तेरा कीर्तन जगह जगह
बड़ी किस्मत वाला है वो
दरश तेरा जिसे मिला।।

दया हो शर्मा पे सरकार
ना छूटे हम से तेरा द्वार
गाये लक्खा तेरे भजन

सदा हो तेरी जय जयकार,

है तेरा मन्दिर जगह-जगह,
श्याम तेरा कीर्तन जगह जगह,
बड़ी किस्मत वाला है वो,
दरश तेरा जिसे मिला।।

Source: https://www.bharattemples.com/hai-tera-mandir-jagah-jagah-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw